आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 02.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्र ने इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के तहत 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 22 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्यान विभाग को ट्यूलिप के व्यावसायिक उत्पादन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में ''विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी'' का उद्घाटन किया।
- कुमाऊं मण्डलायुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी में जमरानी बांध परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

.............

**इलेक्ट्रोनिक घटक विनिर्माण**

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रोनिक घटक विनिर्माण योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत 22 नए प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसमें लगभग 41 हजार आठ सौ 63 करोड़ रूपये के निवेश का अनुमान है। इन प्रस्तावों में मोबाइल निर्माण, दूरसंचार, उपभोक्ता इलेक्ट्रोनिक्स, रणनीतिक इलेक्ट्रोनिक्स, ऑटोमोटिव और सूचना प्रौद्योगिकी हार्डवेयर सहित 11 क्षेत्र उत्पादों का निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं से दो लाख 58 हजार करोड़ रूपये का उत्पादन होने और प्रत्यक्ष रूप से लगभग 34 हजार नौकरियां सृजित होने की आशा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रमुख सुधारों को लागू करना और कार्यान्वयन में तेजी लाना मोदी सरकार की पहचान है।

**मुख्यमंत्री/ट्यूलिप**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास परिसर के उद्यान में 17 प्रजातियों के ट्यूलिप उगाने की मुहिम का शुभारंभ करते हुए सपरिवार ट्यूलिप के बल्ब रोपे। उद्यान में इस बार ट्यूलिप के चार हजार बल्ब रोपे जा रहे हैं, जिनमें लेक पर्पल और बाईकलर प्रजाति के खास रंगत वाले ट्यूलिप भी शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उद्यान विभाग को ट्यूलिप के व्यावसायिक उत्पादन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश देते हुए पुष्प उत्पादन एवं बागवानी के क्षेत्र में नवाचार पर जोर दिया। उन्होंने उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित से ट्यूलिप उत्पादन के साथ ही परिसर में मशरूम उत्पादन और मौनपालन सहित बागवानी से जुड़े विभिन्न कार्यों की जानकारी भी ली।

## प्रतिमा अनावरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उधमसिंह नगर के गदरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोशनपुर डलबाबा में बुक्सा जनजाति समाज के राजा जगतदेव की प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजा जगत देव जी का जीवन त्याग, वीरता, धर्मनिष्ठा और संस्कृति संरक्षण का अमूल्य उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल एक प्रतिमा के अनावरण का नहीं, बल्कि बुक्सा जनजाति की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और बलिदान की स्मृति को नमन करने का दिवस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊधमसिंहनगर, नैनीताल और कोटद्वार सहित अनेक क्षेत्रों में बसे बुक्सा समाज के लोग अपनी संस्कृति, परंपरा और आत्मसम्मान को जीवंत रखे हुए हैं। राज्य सरकार जनजातीय समुदायों के सांस्कृतिक संरक्षण, इतिहास के दस्तावेजीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजा जगत देव जी की गौरवगाथा को शोध कार्य भी होने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनसे प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास से संबंधित घोषणाएं भी की।

## जन—जन की सरकार

जन—जन की सरकार, जन—जन के द्वार कार्यक्रम के तहत चम्पावत जिले की किमतोली और तामली न्याय पंचायतों में आज बहुउद्देशीय शिविर लगाए गए। इस अवसर पर ग्रामीणों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार संशोधन और केवाईसी अपडेट सहित विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया गया। किमतोली न्याय पंचायत में मुख्य विकास अधिकारी डॉ जी.एस खाती की अध्यक्षता में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की पेयजल, बिजली, राशन कार्ड, जंगली जानवरों के आतंक आदि समस्याओं का निस्तारण किया गया। ग्रामीण तारा सिंह ने बताया कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सभी विभागों की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून स्थित गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज में विधानसभा स्तरीय विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी का उद्घाटन किया। उन्होंने 800 मीटर की दौड़ में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विकासखंड स्तर की प्रतियोगिताओं के स्थान पर अब विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी और जिला स्तर की प्रतियोगिताएं, सांसद चैंपियनशिप ट्रॉफी के नाम से आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र में सीधे विधानसभा स्तर पर अंडर—14 और अंडर—19 आयु वर्ग के बालक व बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनमें एथलेटिक्स, कबड्डी, खो—खो, वॉलीबॉल, पिट्ठू और मुर्गा झपट जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। श्री जोशी ने कहा कि विधायक स्तर पर विजेता खिलाड़ी आगे चलकर सांसद स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इन खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में खेलों का वातावरण तैयार करना,

ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना और स्वास्थ्य संवर्द्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

**प्रतियोगिता बागेश्वर**

बागेश्वर के डिग्री कॉलेज मैदान में आज से चार दिवसीय विधानसभा स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई है। बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र की 20 न्याय पंचायतों से लगभग 700 खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक पार्वती दास ने किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की, कि जिस न्याय पंचायत की टीम सर्वाधिक अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त करेगी, उसे एक लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। छात्रा रुचि कालाकोटी ने 600 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
खिलाड़ियों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं उनके लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतर मंच है और इससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

**कुमाऊं आयुक्त**

कुमाऊं मण्डल आयुक्त दीपक रावत ने आज हल्द्वानी में जमरानी बांध परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को परियोजना के सभी कार्य तय समय सीमा में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जमरानी बांध परियोजना हल्द्वानी और ऊधम सिंह नगर सहित उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों के लिए सिंचाई के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।

**आपदा सहायता राशि**

चम्पावत जिले में मानसून सीजन के दौरान आपदा से पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए आवासीय भवनों के प्रभावित स्वामियों को डीबीटी के माध्यम से राहत राशि वितरित की गई। जिले के 17 परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 48 लाख रुपये की सहायता धनराशि दी गई। लाभार्थी रणजीत सिंह ने बताया कि अगस्त माह में आई आपदा से उनका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। सहायता राशि मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की नीति के अनुरूप आपदा प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।